प्रादेशिक समाचार
दिनांक–05.04.2024 (दोपहर–1455 बजे)

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के चुनाव के लिए आज नामांकन पत्रों की जांच की जा रही है। दूसरे चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 लोकसभा सीटों पर 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे।

****

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कल दुमका के सुदूरवर्ती तरणी एवं वृन्दाबनी समेत अन्य मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कई अनियमितताएं पायीं। इस मौके पर उन्होंने दुमका के उपायुक्त ए0 दोड्डे को एलआरडीसी अब्दुल समद और रानेश्वर के प्रखंड विकास पदाधिकारी शिबाजी भगत के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता से संबंधित भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के उल्लंघन के मामले में स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया।

****

चुनाव आयोग के निर्देश पर जैप वन के कमांडेंट राकेश रंजन को देवघर का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। आयोग के निर्देश पर देवघर के पुलिस अधीक्षक के साथ दुमका के आईजी, पलामू के डीआईजी और रांची के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक को भी बदल दिया गया है। अनूप बी0 लक्ष्मी दुमका की आईजी, वाईएस रमेश पलामू के डीआईजी, सुमित कुमार अग्रवाल रांची के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक और कैलाश करमाली रांची के यातायात पुलिस अधीक्षक बनाये गये हैं।

****

लोकसभा चुनाव को लेकर राज्य के अंतर्राज्जीय चेक पोस्टों पर वाहनों की लगातार जांच की जा रही है। इस कड़ी में आज झारखंड–बंगाल की सीमा पर स्थित डिबुडीह चेकपोस्ट पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक चार पहिया से करीब 34 लाख रुपए बरामद किया। वाहन पर सवार दो व्यक्ति दुर्गापुर से हजारीबाग जा रहे थे। पुलिस दोनों व्यक्तियों से पूछताछ कर रही है।

****

भारतीय रिजर्व बैंक ने आज वित्तीय वर्ष 2024–25 की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा की है। मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक के बाद रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने प्रेस कान्फ्रेंस में नीति की घोषणा की। उन्होंने कहा कि नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है, जबकि रेपो दर साढ़े छह प्रतिशत के साथ यथावत है। इस अवधि में ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है तथा महंगाई दरों में कमी देखने को मिली है।

****

पूर्व मंत्री लालचंद महतो को आज झारखंड विधानसभा परिसर में श्रद्धांजलि दी गयी। उनका अंतिम संस्कार बोकारो जिले के पैतृक गांव में आज किया जाएगा। लालचंद महतो का कल रांची में निधन हो गया था। वे देर रात अपने आवास के बाथरूम में बेहोश होकर गिर गए। इसके बाद परिजनों ने उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वे 72 वर्ष के थे। वे गिरिडीह जिले के डुमरी से तीन बार विधायक रहे। उनके निधन पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री चंपई सोरेन सहित विभिन्न राजनीतिक दलों और नेताओं ने शोक व्यक्त किया है।

****

लोकसभा चुनाव को लेकर सिमडेगा जिले में प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

साउंड बाईट – मनोज कुमार सिन्हा, मनु, सिमडेगा – 49 सेकेंड

****

राज्य में आज और कल गर्म हवा चलने की संभावना है। इसे लेकर मौसम विज्ञान केन्द्र रांची येलो अलर्ट जारी किया है। लोगों को दोपहर 12 से तीन बजे तक धूप में घरों से नहीं निकलने की सलाह दी गयी है। मौसम केन्द्र के अनुसार सात और आठ अप्रैल को रांची समेत राज्य के कई इलाकों में बारिश हो सकती है।

****

आईपीएल क्रिकेट में आज हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स से होगा। यह मैच शाम साढ़े 7 बजे से शुरू होगा। वहीं कल पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से हरा दिया।

****** **समाप्त** ******